an>

Title: Need to accord administrative and financial approval for construction of Anandnagar-Maharajganj-Ghugli railway line in Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): माननीय अध्यक्ष महोदया, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत आनन्दनगर-महाराजगंज-घुघुली रेल मार्ग का निर्माण कराने के लिए सर्वे आदि का काम पूरा हो चुका है। इस संबंध में योजना आयोग से इस शर्त के साथ सैद्धांतिक अनुमोदन भी प्रदान कर दिया गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना के लागत की कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सेदारी तथा नःशुल्क भूमि उपलब्ध कराए। तद्नुसार इस परियोजना को 307 करोड़ रुपये की प्रत्याशित लागत पर वित्तीय वÂाि़ 2013-14 के बजट में शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने की लागत में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी वहन करने तथा नःशुल्क भूमि उपलबध कराने में अपनी असमर्थता जाहिर की है। इस रेल मार्ग के निर्माण से पूर्वोत्तर की ओर से आने-जाने वाली ट्रेनों के लिए एक वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। सभी जिला मुख्यालयों को रेल मार्गों से जोड़ने की योजना भी है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त रेल मार्ग के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार प्रशासनिक तथा वित्तीय स्वीकृति देने की कृपा करे।